भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4676

20 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

छावनी ब्लॉग और सुरक्षा संबंधी जोखिम

4676. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सुरक्षा बलों के लिए इस तथ्य से उत्पन्न होने वाले गंभीर सुरक्षा जोखिमों से अवगत है कि छावनी क्षेत्रों में रहने वाले सशस्त्र बल अधिकारियों के पति/पत्नी छावनियों के बारे में विस्तृत विडियो और/या ब्लॉग अपलोड कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा उक्त छावनियों के निवासियों को संवेदनशील बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) : जी, हां।

(ख) और (ग) : सशस्त्र बल प्राधिकारियों ने सोशल मीडिया नीति लागू की हैं, जिसमें आश्रितों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सेना से जुड़ी जानकारी पोस्ट न करने की सलाह दी गई है। सशस्त्र बलों ने सभी सेना कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों (पति/पत्नी/संतान/आश्रितों) को 'प्रतिकूल सोशल मीडिया उपस्थिति' के संबंध में परामर्श भी प्रसारित किए हैं। इन परामर्शों के अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फोटो/वीडियो, पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिनसे उनका भारतीय सशस्त्र बलों के साथ संबंध प्रदर्शित होता हो। अभियान/व्याख्यान सभी

उपलब्ध प्लेटफॉर्मों जैसे कि सामूहिक वार्ताओं/सामाजिक समारोहों/कार्यक्रमों और खेलकूद परिसरों पर संचालित किए जाते हैं ताकि उन्हें साइबर स्वच्छता, सोशल मीडिया के उपयोग और व्यक्तिगत आईसीटी उपकरणों के उपयोग से संबंधित क्या करें और क्या न करें के बारे में शिक्षित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण संस्थानों में अधिकारियों के लिए आयोजित सभी पाठ्यक्रमों में सोशल मीडिया के उपयोग से संबंधित विषयों पर अधिकारियों एवं उनके जीवनसाथियों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

****